दैनिक भास्कर 10-9-2023

अम्बाला। कैंट के जीएमएन कॉलेज में टैलेंट शो में डांस करती छात्राएं व कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

टैलेंट शो • जीएमएन कॉलेज में 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का समापन

हरियाणवी गानों पर थिरके विद्यार्थी

भास्कर न्यूज | अम्बाला

कैंट के जीएमएन कॉलेज में चल रही 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं को कराने का मकसद यूथ फेस्टिवल के लिए बच्चों को तैयार करना है।

सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि आज का युवा बहुत अधिक प्रतिभाशाली है। उन्हें एक मंच चाहिए जिस पर आकर वह अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

कार्यक्रम की शुरुआत तरुण के गेस्ट आइटम की प्रस्तुति से हुई। जिंदगी एक सफर है सुहाना, जरा दिल लगा के तो देखो, गीत ने विद्यार्थियों की तालियां बटोरी। साथ ही बैंजो इंस्ट्रूमेंट की प्रस्तुति दी। नृत्य में हरियाणवी, पंजाबी गीतों ने विद्यार्थियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मंच संचालन डॉ. अमित कुमार और डॉ. मनजीत कौर ने किया। गायन में अश्वनीत सिंह, नूर्वंश दीप और रिया, कुणाल ने प्रथम, द्वितीय व तीसरा स्थान पाया। इंस्ट्रूमेंटल में अंकुश प्रथम रहे। नृत्य में पायल, पलक, निखिल ने प्रथम, द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर रहे। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अम्बाला। जीएमएन कॉलेज में विद्यार्थी को सम्मानित करते मुख्यातिथि।